हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 मार्च 2024

12 समाज को समझने के लिए करें तुलनात्मक अध्ययन

12 डंपरों की डस्ट से परेशान ग्रामीण धौलेड़ा सरेली मार्ग किया जाम


नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैस
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा

डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार
27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाऐं
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास महासभा की बैठक कल

नारनौल। गुरु रविदास महासभा की आम बैठक 31 मार्च सुबह 11 बजे गुरु रविदास आश्रम मांहल्ला ढिढारस में होगी। जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल करेंगे। बैठक का संचालन महासभा के महासचिव रमेश चंद पटीकरा करेंगे। एसडी

### स्कूल में 14वीं नेशनल सेबों चैंपियनशिप आज

कनीना। शिक्षा में ऐतिहासिक पायदान पर पहुंचे सब डिवीजन के गांव ककराला स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 30 मार्च को 14वीं नेशनल सेबों चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा करेंगे। स्कूल चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि विद्यालय के इंडोर स्पोर्टस कॉपलेक्स में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मेगा इवेंट में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 300 एथलीट के हिस्सा लेने की संभावना है।

### युवा क्लब का रक्तदान शिविर एक अप्रैल को

**महेंद्रगढ़।** युवा क्लब द्वारा बुचियावली गोशाला में एक अप्रैल को 13वां रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। सचिव महेंद्र मांडिया ने बताया कि महेंद्रगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में रक्तदान शिविर, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण, हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण, प्रतिभा सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रम करता रहा है। प्रधान अमित मिश्रा के जन्मदिन पर 55वीं बार रक्तदान करेंगे।

### बारिश से सरसों व गेहूं में नुकसान की संभावना

**कनीना।** शुक्रवार सायं करीब चार बजे शुरू हुई बारिश के बाद खेतों में चल रहा सरसों कटाई व कढ़ाई कार्य रूक गया। वहीं एकत्रित की जा चुकी सरसों व खेत में खड़ी गेहूं की फसल में नुकसान की संभावना बन गई है। दोपहर बाद उमड़-घुमड़ कर आए बादलों के बीच हुई बारिश से मंडी में खरीद कार्य की व्यवस्था तथा किसानों की ओर से खेतों में किया जा रहा कार्य बंद हो गया।

### चलती कार में लगी आग, सवारियां बची

**नारनौल।** कुलताजपुर मोड़ बाईपास पर अचानक चलती कार में अचानक आग लग गई। संयोग से कार में बैठे यात्री सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार तिरंगा भवन के समीप रहने वाले तजेंद्र सिंह अपनी टाटा नैनो कार में सवार होकर कहीं जा रहा था। जिसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी कार में सवार था। कुलताजपुर मोड़ बाइपास के पास गाड़ी में अचानक आग लगने से दोनों नीचे उतर गए, परंतु गाड़ी जल गई। सूचना के बाद फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

# 15 साल से अधिक समय पहले बसी 80% आबाद हो चुकीं 20 कॉलोनियों पर अवैध का ठप्पा

## आज भी 2004 को आधार बना शहर में वैध अवैध कॉलोनी बता रही नप, कॉलोनी अवैध बताने से अटक रहे लोगों के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद के पास जो कॉलोनियों के नक्शे है, वह साल 2004 के बनाए हुए है। अब 20 साल बीत चुका है। शहर में बहुत बदलाव के साथ चारों ओर आबादी का क्षेत्र बढ़ गया है। मकान बन चुके है। व कॉमर्शियल भवनों के तौर पर विस्तार हुआ है। एक-दो बार कुछ कॉलोनियों को एथोराइज जरूर किया, उसमें भी कुछ खसरा नंबर ही एथोराइज किए है। शहर में बढ़ती जनसंख्या/आबादी व शहर की तरक्की को देखते हुए सभी कॉलोनियों को वैध की जानी चाहिए। इसके लिए एक नया नक्शा तैयार हो, जिससे आज भी स्थिति के हिसाब से एथोराइज-अनएथोराइज देखा जा सके। नप उपप्रधान संजीव यादव ने डीएमएस, स्थानीय निकाय मंत्री व मुख्यमंत्री से यह मांग की है।

नगर परिषद की ओर से प्रोप्टी आईडी सिस्टम शुरू होने की पहले लगभग सभी खसरा नंबर जो नगर परिषद सीमा के अंदर आते है, के विकास शुल्क लेते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र व नो-ड्यूज सर्टिफिकेट दिए हुए है और जनता द्वारा उन अनापत्ति प्रमाण पत्र व नो-ड्यूज के आधार पर बैयनामा/सेल डीडी करवाते हुए, अपने कब्जे किए हुए और काफी संख्या में नगर परिषद द्वारा लगभग नगर परिषद की सीमा में आने वाले सभी खसरा नंबर में नक्शा पास किए हुए है और लोगों ने अपने मकान तामीरात किए हुए है, जो उपायुक्त के आदेश के पश्चात साल 2006 से अब तक करीब 60 से 70 करोड़ रुपये आम जनता ने नारनौल शहर के सभी खसरा नम्बरों में जमा करवाया हुआ है।

लेकिन अब प्रोपर्टी आईडी का सिस्टम शुरू होते ही नगर परिषद नारनौल द्वारा इसी पुराना नक्शा देखते हुए सभी एरिया को अन-=एथोराइज कर दिया है, इसे आम जनता के लिए नारनौल नगर परिषद के सभी खसरा नंबरों को एथोराइज किया जाए। नारनौल शहर में लाल डोरा में आने वाले एरिया की मिलकियत के कागजात सभी मालिकों के पास नहीं है इसलिए गांव में जैसे लाल-डोरा के स्वामित्व पत्र दिए जा रहे है वैसे ही नारनौल शहर व नई शामिल हुए गांव में स्थित लाल डोरा के मालिकों के नाम स्वामित्व पत्र दिए जाए।



### 20 साल में बदला शहर का आकार, आधारहीन 2004 का नक्शा



उपप्रधानसंजीव यादव का मानना है कि नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी 2004 के नक्शों के हिसाब से कॉलोनियों को एथोराइज व अनएथोराइज देखते है जो गलत है। क्योंकि 2004 के पश्चात नारनौल शहर काफी बढ़ गया है। शहर की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए नगर परिषद में कुछ गांव को भी शामिल करके नगर परिषद की सीमा को बढ़ाया हुआ है, इसलिए एथोराइज की स्थिति को देखने के लिए एक नया नक्शा तैयार होना चाहिए।

### चकबंदी नहीं होने का नुकसान

कृषि भूमि जो नारनौल नगर परिषद क्षेत्र की पुरानी लिमिट में है, उसकी कोई चकबंदी नहीं है और चकबंदी ना होने के कारण हिस्सों में कृषि भूमि रजिस्ट्री हुई है जो केवल हिस्सा में बैयनामा होकर मालिक अपना कब्जा कर लेता है, जो ऐसी स्थिति होने के कारण शहर एक ही ,खेट में करीब 50-100 मालिक है, जो कृषि भूमि की प्रोप्टी आईडी के लिए नए नियम के तहत तमीमा नारनौल की मिलकियत की जमीन में होना सम्भव नहीं है, इसलिए इसे कृषि भूमि के मालिकों के हित में सोचते हुए नारनौल नगर परिषद से हटाया जाए। जिससे आम जनता परेशान ना हो और लोग अपने खेत/कृषि भूमि की प्रोप्टी आईडी सरत तरीके से बनवा सके।

## समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद का चौथा दिन

# लेबर की कमी तो कहीं नमी बनी बाधा खरीद सुचारू न होने से किसान परेशान

- महेंद्रगढ़, कनीना तथा सतनाली मंडी में शुरू नहीं हो पाई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकारी समर्थन मूल्य पर शुक्रवार से नारनौल की नई अनाज मंडी में सरसों की खरीद आखिरकार शुरू हो गई। खरीद चालू होने के चौथे दिन इस मंडी में 573 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हालांकि अब भी महेंद्रगढ़, कनीना एवं सतनाली मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद चालू होना शेष है। नारनौल मंडी में सरसों खरीद चालू होने से किसानों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि अब तक उनकी सरसों को खरीद एजेंसी के अधिकारियों द्वारा नमी ज्यादा एवं साफ-सुथरी सरसों न होने की आपत्ति लगाई जा रही थी। शुक्रवार इस मंडी का प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दौरा कर स्थिति को जायजा लेते हुए खरीद चालू करने के दिशा-निर्देश दिए थे।

26 मार्च को पहले दिन जिले की किसी मंडी में खरीद चालू नहीं हो पाई थी। हालांकि किसान भी इक्का-दुक्का किसान ही मंडियों में पहुंचे थे। अगले रोज जो किसान मंडियों में सरसों लेकर आए, उनकी सरसों ज्यादा गिली एवं साफ-सुथरी नहीं होने के चलते खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारियों ने आपत्ति लगा दी थी, लेकिन अब अंततः चौथे दिन नारनौल मंडी में भी खरीद चालू कर दी गई है। इससे एक दिन पहले नांगल चौधरी एवं मंडी अटेली की अनाज मंडियों में सरसों की खरीद चालू की गई थी। अब एक अप्रैल से गेहूं एवं चना फसल की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद चालू की जानी है। नारनौल मंडी के संदर्भ में कोआप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर रोशनलाल यादव ने बताया कि शुक्रवार को मंडी आए 40 किसानों के गेटपास मार्केट कमेटी द्वारा काटे गए हैं तथा पहले दिन 573 क्विंटल सरसों खरीदी। हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि समर्थन मूल्य शुक्रवार से नारनौल मंडी में भी सरसों की खरीद चालू कर दी गई है तथा पहले दिन 573 क्विंटल सरसों खरीदी गई है। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी मंडी में 1413.50 क्विंटल तथा अटेली में 340 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है।



नारनौल। मंडी में टीनशेड के नीचे सरसों फैलाकर सूखाते किसान, खरीद करते एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारी व नांगल मंडी में ढ़ेरियों का निरीक्षण करते एसडीएम।

### सरसों खरीद के लिए कनीना मंडी में सभी तैयारियां पूरी, पहले चार दिन खरीद शून्य

कनीना। मंडी में सरसों की खरीद के लिए एजेंसी स्टेट वेयर हाउस को नियुक्त किया गया है। सरकारी आदेशों के मुताबिक 26 मार्च से सरसों की खरीद की जानी थी, लेकिन मंडी में उपलब्ध नहीं होने के चलते खरीद शुरू नहीं की जा सकी है। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि जिले की छह मंडियों कनीना, महेंद्रगढ़, अटेली, सतनाली, नारनौल व नांगल चौधरी में खरीद की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में खरीद एजेंसी व मार्केट कमेटी कर्मचारी सरसों आवक का इंतजार कर रहे हैं। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जहां किसान फसल बेचने संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। बता दें कि क्षेत्र में करीब 70-80 फीसदी सरसों की कटाई हो चुकी है, जबकि 20 फीसदी भंडारण किया जा चुका है। सर्दी की चपेट में आने से सरसों की पैदावार में करीब 30-40 फीसदी नुकसान का अनुमान है। अधिकांश किसान खेत से ही व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं।

### एसडीएम ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

**नारनौल।** एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह ने नई अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रबी फसल के खरीद कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडी में सभी आवश्यक सुविधाओं को पुख्ता कर लें। यहां पर बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का समय-समय पर निरीक्षण करें। उन्होंने बताया कि अबकी बार सरसों की अधिक आवक होने की संभावना है। ऐसे में इसके उठान व भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मंडियों में पानी, साफ-सफाई व बिजली आदि की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे मंडियों में फसल को सूखाकर लाएं, ताकि उन्हें फसल बेचने में असुविधा न हो।

### नांगल चौधरीः 112 किसान 2280 क्विंटल सरसों लेकर पहुंचे, एजेंसी ने की 1400 क्विंटल खरीद

नांगल चौधरी। नांगल चौधरी मंडी में सरसों की आवक तेजी पकड़ने लगी है। शुक्रवार को 112 किसान करीब 2280 क्विंटल सरसों लेकर पहुंचे, जिनकी विभिन्न प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी ने 70 किसानों की 1400 क्विंटल सरसों खरीद ली है। नमी व पुरानी सरसों होने के कारण लगभग 25 ढेरियों को रिजेक्ट किया गया है। जिनकी ढेरी में नमी मिली है सूखने के बाद उनकी सरसों को खरीदने का आश्वासन दिया गया। फसलों के समर्थन मूल्य निर्धारण के दौरान मापदंड भी तय किए गए थे। जिनमें पैदावार के दानों का साइज, कलर व सफाई समेत कई नियम शामिल हैं। मापदंडों की सूची प्रदेश स्तर पर सभी खरीद एजेंसी को मुहैया करवा दी गई, जिसके अनुसार ही खरीद करने की हिदायत है। नांगल चौधरी अनाज मंडी में केवल सरसों की खरीद होनी है, जिसके लिए 26 मार्च को खरीद कमेटी का गठन किया गया था। वीरवार को मंडी में सात किसान सरसों लेकर पहुंचे थे, जिनमें चार ढेरियों को सरसों पुरानी व नमी होने का तर्क देकर रिजेक्ट कर दिया। शुक्रवार को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत 112 किसान करीब अनुमानित 2280 क्विंटल सरसों लेकर मंडी में आए। विभिन्न प्रक्रिया को पूरा करके उन्होंने ढेरी लगाई थी। लगभग 12:30 बजे ढाणी बंधावाली निवासी किसान की ढेरी के पास खरीद कमेटी पहुंची। मशीन की रिपोर्ट में नमी के मापदंड सही मिले, इसके बाद कमेटी के सदस्यों ने सरसों के दानों को मुंह में चबाकर पुरानी होने की पुष्टि कर दी। साथ ही उन्होंने टोकन पर नई व पुरानी सरसों मिक्स होना लिखकर खरीदने से इंकार कर दिया। इस दौरान पीड़ित किसान नई सरसों होने की दुहाई देता रहा, लेकिन कमेटी ने अपील को सुनने से मना कर दिया। इसके बाद कमेटी ने सात अन्य ढेरियों को पुरानी सरसों होने का तर्क देकर रिजेक्ट किया। लगभग 12 ढेरियों को नमी अधिक होने की वजह से रिजेक्ट किया गया। जिनकी ढेरी गीली है, उन्हें सूखाकर दुबारा दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है।

**दूसरे दिन 168 टोकन कटे, लेकिन मात्र 20 किसानों की 340 क्विंटल सरसों की खरीदः** अटेली मंडी में दूसरे दिन सरसों की सरकारी खरीद के लिए किसानों की भीड़ रही। दूसरे दिन 168 टोकन कटे, लेकिन 20 किसानों की 340 क्विंटल सरसों की ही खरीद हुई। सोसायटी के प्रबंधक ने सत्येंद्र यादव ने बताया कि किसान सरसों को सुखाने की साथ साफ करके लाएं। आठ प्रतिशत से अधिक नमी वाली सरसों को नहीं खरीदा जाएगा। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा के पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले किसानों की खरीद होगी। किसान एक अप्रैल के बाद सरसों से लाएंगे तो किसी प्रकार का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लेबर नहीं होने के कारण शुक्रवार को ज्यादा किसानों सरसों की खरीद नहीं हो पाई। सचिव सुनीता फोगाट, सहायक सचिव संजय, हैफेड के परचेजर बलजीत, प्रबंधक सतेंद्र यादव, पंकज सुपरवाईजर ने खरीद में व्यवस्था बनाई। सरसों की खरीद अटेली मार्केटिंग सोसायटी की तरफ से हो रही है। मार्केटिंग सोसायटी अटेली मंडी के पूर्व चेयरमैन हरीश लहरोदा ने बताया कि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर अब 5650 रुपये से खरीद कर रही है।



### नाकों पर सख्त पहरा, फसल सूखी व साफ करके लाएं किसानः डीसी

- रबी फसल की सरकारी खरीद को लेकर एसीएस ने डीसी से की वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रबी सीजन की फसल की खरीद को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की व खरीद कार्य की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेस के बाद अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि जिले में छह मंडियों में रबी फसल की सरकारी खरीद हो रही है। इनमें अटेली, कनीना, महेंद्रगढ़, सतनाली, नारनौल व नांगल चौधरी की अनाज मंडियां शामिल है। उन्होंने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का डेटा वेरीफाई कर दिया गया है। इस पोर्टल पर सही पाए गए किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी।

अधिकारी राजस्थान के साथ लगते सभी नाकों पर कड़ी निगरानी की जाए। डीसी ने सरसों की भारी आवक के मध्य नजर पर्याप्त मात्रा में स्टोरेज व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसम के बदलाव के मध्य नजर भी सभी प्रकार की तैयारी रखने को कहा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी फसल सूखी तथा साफ करके मंडियों में लाएं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी मंडियों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना रहे। खरीद के बाद सही समय पर उठान कार्य हो। इसके साथ-साथ ई-खरीद पोर्टल पर आई फार्म अपूरवल होने के बाद किसानों को उनकी फसल की पेमेंट निर्धारित समय में की जाए।

अधिकारी मंडियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। किसानों के लिए बिजली-पानी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये रखा गया है, जबकि सरसों के लिए 5650 एमएसपी निश्चित है। इसी प्रकार चना फसल के लिए 5440 न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, सीटीएम मंजीत कुमार, डीएफएससी कुशलपाल बूरा इत्यादि मौजूद रहे।

### एआईकेकेएमएस ने लिया सरसों खरीदा का जायजा

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के जिला कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल ने इलाके की मुख्य फसल सरसों की खरीद का अनाज मंडी में पहुंचकर जायजा लिया। जिसमें जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह व छाजूराम रावत शामिल थे। संगठन के सदस्यों ने किसानों की दो-तीन दिन से सरसों खरीद होने नहीं व किसान-मजदूरों के लिए खाने की कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं जैसे पेयजल व बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरकार से अनावश्यक शर्तों को हटाकर एमएसपी पर रबी फसल की खरीद सुनिश्चित करने की मांग की। किसान बिरेंद्र सिंह खोड़मा, प्रदीप कुमार कारोता, सलूणी के मुकेश कुमार ने बताया कि दो-तीन दिन से नमी बताकर सरसों की खरीद नहीं की जा रही है। अनाज मंडी में खाना की कैंटीन व शीतल पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि यदि 31 मार्च तक सरसों की खरीद पर अनावश्यक शर्तों को हटाकर खरीदा नहीं गया तथा मंडी में किसान-मजदूरों के लिए खाना की कैंटीन, शीतल पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान नहीं की गई तो एक अप्रैल को मंडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।





कनीना। अस्पताल में शव का पंचनामा करवाते थाना इंचार्ज रामनाथ।

## दौंगड़ा अहीर में घटित रिश्तों के कत्ल की घटना की चंहुओर ओर हो रही चर्चा

# प्रॉपर्टी विवाद में बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता पर किया वार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव दौंगड़ा अहीर में प्रॉपर्टी के लालच में आकर कलियुगी बेटे ने वीरवार देर सायं कुल्हाड़ी से वार कर अपने बुजुर्ग पिता की निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित बेटा फरार हो गया। जिसे कनीना सदर थाना व सीआईए की संयुक्त टीम ने काबू कर लिया। रिश्तों के कत्ल की इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जिसकी चर्चा चंहुओर चली हुई है। अटेली रोड पर खून से लथपथ पड़े शव की सूचना मिलने पर सदर थाना व दौंगड़ा पुलिस चौकी के पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक भोजाराम के बेटे रामपाल की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में रामपाल ने कहा कि वे तीन भाई है, जो अलग-अलग रहते हैं। उनकी जमीन पिछले समय क्षेत्र से गुजरे नेशनल हाईवे 152-डी के लिए अधिग्रहित की गई थी। जिसकी मुआवजा राशि उनके पिता भोजाराम ने तीनों भाईयों में बराबर-बराबर चार-चार लाख रुपये दे दी थी। इस बात को लेकर उसका भाई धर्मपाल नाराज था व अधिक राशि की मांग को लेकर इससे पूर्व भी कई बार उनके पिता से मारपीट की थी। वीरवार रात उन्हें जानकारी मिली कि उसके पिता भोजाराम की उसके भाई धर्मपाल ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो लहुलुहान अवस्था में शव पड़ा हुआ था। सिर में लगी कुल्हाड़ी की चौट व अत्यधिक रक्तस्नाव के कारण उनकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी।

एंज्वॉयमेंट

हम सिर्फ फर्स्ट अप्रैल को ही नहीं अकसर ही आपस में प्रैंक करके एंज्वॉय करते हैं। टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी ऐसा करते हैं। यहां जारा वारसी और इवान दीक्षित बता रहे हैं, जब उन्होंने फ्रैंक किया या उनके साथ प्रैंक हुआ।

# बड़ा मजा आया जब किया मजेदार प्रैंक



## फूल बनाया ही नहीं बनी भी : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उससे यह पूछने पर कि क्या उसने कभी किसी को अप्रैल फूल बनाया है या वह बनी है, या फिर किसी के साथ प्रैंक किया है तो सबसे पहले उसने जो प्रैंक किया था, हंसते हुए उसके बारे में बताती है, 'हां मैंने प्रैंक किया है। हमारे शो में दरोगा हप्पू सिंह का कैरेक्टर करने वाले योगेश त्रिपाठी जी अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हम सब को हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उनके साथ प्रैंक करने का प्लान बनाया। वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। एक सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा कि आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इतना सुनते ही उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा कि आपकी मूंछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इसके बाद उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को फिर से मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह इतने कॉन्शस हो गए कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद वह मुझसे पूछते कि अब तो मूंछें ठीक हैं ना? वह शो के डायरेक्टर के पास भी चले गए। उनसे पूछा कि कैमरे पर मेरी मूंछें ठीक लग रही हैं ना? डायरेक्टर चौंके और बोले कि ठीक तो लग रही हैं, लेकिन आप फिर से अपनी मूंछें फिक्स करना चाहें तो कर सकते हैं। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक किए जा रहे थे। उन्हें ऐसे करते देखकर हमें हंसी आ रही थी। पैक-अप के बाद आखिरकार मैंने उन्हें बता दिया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थीं, मैं उनके साथ प्रैंक कर रही थी। यह सुनकर वह पहले तो थोड़ा-सा नाराज हुए फिर हंसने लगे।'

जारा वारसी एक और प्रैंक का किस्सा बताती है। इस बार उसके एक दोस्त ने उसके साथ प्रैंक किया और वह फूल बनी। जारा हंसते हुए बताती है, 'यह प्रैंक पहली अप्रैल को हम दोस्तों के साथ किया गया था। हमारे एक दोस्त ने मुझे और मेरे कुछ दोस्तों को अपने घर यह कह कर बुलाया कि उसका जन्मदिन है। उसने एक थीम पार्टी रखी है, जिसमें हमें सुपरहीरो की ड्रेस पहनकर आना है। मैं और मेरे दोस्त सभी अलग-अलग सुपरहीरो की ड्रेस में बहुत उत्साह के साथ उसके घर पहुंचे। वहां पहुंचकर हमें पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है। हमें 'अप्रैल फूल' बनाया गया है। लेकिन मेरे दोस्त की मम्मी ने हमारे लिए बहुत टेस्टी डिशेज बना रखी थीं, हमें खिलाई। उन डिशेज को खाकर बहुत मजा आया।' *

## गिफ्ट देकर किया प्रैंक इवान दीक्षित

**इवान दीक्षित**, आजकल सोनी सब चैनल के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में शौर्य की भूमिका में खूब रंग जमा रहा है। इवान भी अपने द्वारा प्रैंक किए जाने का किस्सा बताता है, 'मैंने अपने शो में डॉक्टर ध्रुव का रोल करने वाले ईशान धवन के साथ एक बार प्रैंक किया था। मैंने उन्हें एक बड़ा सा डिब्बा यह कहकर दिया कि इसमें उनके लिए गिफ्ट है। उन्होंने बड़े उत्साह से डिब्बा खोला। उसमें से एक पंचिंग ग्लव बाहर निकल आया, जिसने ध्रुव भैया के चेहरे पर पंच मारा। ध्रुव भैया का चेहरा देखने लायक था। हम सभी यह देखकर जोरों से हंस पड़े। ध्रुव भैया ने थोड़ी नाराजगी जरूर दिखाई फिर वे भी हंस पड़े। यह प्रैंक न केवल ध्रुव भैया के लिए बल्कि हम सभी के लिए एक मजेदार एक्सपीरियंस था। जहां तक फर्स्ट अप्रैल यानी फूल्स डे की बात है तो यह एक ऐसा मौका होता है, जब लोगों को एक-दूसरे के साथ मजाक करके हंसने-खिलखिलाने का चांस मिलता है। *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हंसो-हंसाओ/ अनुराग मनींद्र

# अप्रैल फूल बनाने के मजेदार आइडियाज



बच्चों, 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं, खूब मजे लेते हैं, हंसते-हंसाते हैं। हम तुम्हारे लिए 'प्रैंक्स' के कुछ मजेदार आइडियाज लेकर आए हैं। तुम इन्हें फॉलो कर अपने दोस्तों को 'अप्रैल फूल' बनाकर एंज्वॉय कर सकते हो।

**इंटरेस्टिंग गेम के नाम पर प्रैंकः** 'आज हम एक नया और इंटरेस्टिंग गेम खेलेंगे', फोन पर तुम यह बोलकर अपनी कॉलोनी के दोस्तों को पार्क या प्ले-ग्राउंड में बुलाओ, लेकिन तुम वहां मत पहुंचो। जब तुम्हारे दोस्त ग्राउंड में पहुंचकर तुम्हें कॉल करें तो तुम कॉल रिसीव करो लेकिन बिना कुछ बोले म्यूजिक सिस्टम या किसी दूसरे मोबाइल में गाना बजा दो- 'अप्रैल फूल बनाया!' इस तरह तुम एक साथ कई सारे दोस्तों को एक साथ 'अप्रैल फूल' बना लोगे।

**अजीब स्वाद वाला प्रैंकः** बच्चों तुम क्रीम बिस्किट का पैकेट ले आओ और उसकी क्रीम की लेयर्स को अलग कर लो। उसमें से क्रीम निकाल कर उसकी जगह ग्रीक योगर्ट और टोमैटो-सॉस मिक्स करके डाल दो। फिर बिस्किट के दोनों लेयर्स को पहले की तरह आपस में चिपका दो। चाहो तो इसे थोड़ी देर फ्रीजर में भी रख सकते हो, इससे बिस्किट के लेयर्स अच्छे से चिपक जाएंगे। ये क्रीम बिस्किट अपने किसी दोस्त को खिलाओ। इसे खाते ही तुम्हारा दोस्त कुछ अजीब-सा मुंह बनाएगा। इससे पहले कि वो गुस्सा हो, तुम 'अप्रैल फूल' बोलकर उसे गले लगा लो।

### रखो इस बात का भी ध्यान

बच्चों, हल्के-फुल्के हंसने-हंसाने वाले प्रैंक्स तो ठीक हैं। लेकिन किसी के साथ ऐसा प्रैंक मत करना कि वह डर जाए, उसे चोट लग जाए या किसी अन्य प्रकार की हानि पहुंचे या फिर उसे अपनी इंसल्ट महसूस हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखो, अगर तुम्हें कोई 'अप्रैल फूल' बना दे तो तुम नाराज या गुस्सा न होकर 'कूल' ही रहो। उसके साथ खुद भी हंसो, एंज्वॉय करो।

**खाली गिफ्ट वाला प्रैंकः** एक सादे पेपर पे स्केच-पेन या कलर पेंसिल से 'अप्रैल फूल' लिख लो। फिर इसे घर में पड़े किसी खाली डब्बे में रखकर, डब्बे को गिफ्ट-पेपर से पैक कर दो। पैकिंग इतनी खूबसूरती से करो कि लगे इसमें कोई अच्छी-सी चीज होगी। यह 'खाली गिफ्ट' अपने किसी दोस्त को देकर तुम उसे 'अप्रैल फूल' बना सकते हो। *

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

## बनाया अप्रैल फूल !

ऑफिस में बैठे थे पापा, बजी फोन की घंटी,
बोल रहा था उधर से उनका नन्हा बेटा बंटी।
'पिक्चर का प्रोग्राम शाम का मम्मी और मैंने बनाया',
फोन पे बंटी जी ने अपने पापा को फरमाया।
मम्मी बोलीं, 'आप टाइम से थिएटर पे आ जाना,
देर से आकर बना न देना कोई भी बहाना।'
शाम को पापा पहुंच थिएटर, खूब-खूब चकराए,
क्योंकि न मम्मी, न बंटी नजर वहां पर आए।
हो रहे थे पापा उनको ढूंढ़-ढूंढ़ परेशान,




लिया उन्होंने उस थिएटर का कोना-कोना छान।
तभी मोबाइल पर पापा के फोन बंटी का आया,
बोला, 'क्या आपको अब तक समझ न आया?
आज तो है पहली अप्रैल, गए आप क्या भूल!
मम्मी और मैंने है बनाया, आपको अप्रैल फूल!'

## जीके क्विज- 97



1. हाल में किस पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री भारत आए थे?
2. राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति का क्या नाम है?
3. 'आईपीएल' क्रिकेट टूर्नामेंट का फुल फॉर्म क्या है?
4. सिक्किम की राजधानी का क्या नाम है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है?
6. क्लोरोफिल पेड़ों के किस भाग में पाया जाता है?
7. गोबी का मरुस्थल मुख्य रूप से किस देश में स्थित है?
8. नीबू में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. दिल्ली स्थित लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?
10. न्यूटन, विज्ञान की किस शाखा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे?

बच्चों, जीके क्विज-97 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-96 का उत्तर :** 1-अरुणाचल प्रदेश, 2-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू, 3-19 अप्रैल, 4-लेक्टोमीटर, 5-महात्मा गांधी, 6-हवाई जहाज, 7-राजस्थान का, 8-आठ राज्यों से, 9-गंगा, 10-रूस

**जीके क्विज-96 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, दिलेश्वर-डोंगरगढ़, महक-दुर्ग, प्रतीक-कोरिया, महिमा-भोपाल, नाजिम-जबलपुर, शांतनु-रोहतक, प्रियंका-रायपुर, अभिषेक-चंडीगढ़, रजत-दिल्ली, निशा-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**चिंकू-** मिंकू, अगर मिस्टर बीन सो जाएंगे तो उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंकू -** पता नहीं यार, तू ही बता दे।
चिंकू - अरे वैरी सिंपल, तब बोलेंगे, सोयाबीन।
-नवीन, रायपुर



भोलू और उसके पापा डेंटिस्ट की क्लीनिक से लौटते हुए।
**पापा-** भोलू, क्या तुम्हारा दांत अभी तक दर्द कर रहा है?
**भोलू-** पता नहीं पापा, वह तो डॉक्टर अंकल के पास है।
-प्रांजल, कोरबा

**पिंकी -** मेरे घर पर बहुत अच्छी चिड़िया है। वह अपना नाम बोल लेती है।
**मिक्की -** अच्छा, क्या नाम है उसका?
**पिंकी -** चीं-चीं।
-अखिल, बहादुरगढ़

एक मच्छर जीना नहीं चाहता था। वह छिपकली के पास जाकर बोला, 'प्लीज छिप्पू, मुझे खा लो।'
छिपकली बोली, 'नहीं-नहीं, मुझे डेंगू हो जाएगा।'
-कमल, राजनांदगांव

कहानी

अलका जैन 'आराधना'

चिंकू के पापा की सख्त हिदायत थी कि इस बार अगर गणित, विज्ञान में अच्छे नंबर नहीं आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। चिंकू ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की फिर भी उसके अच्छे नंबर नहीं आए। उस पर बहुत बुरी बीती। क्या पापा ने उसको अपने कहे मुताबिक सजा दी?

# चिंकू बना अप्रैल फूल

परीक्षाएं खत्म होते ही चिंकू ने राहत की सांस ली। इन दिनों वह सुबह-शाम पार्क में जाकर देर तक खेलता है। दोपहर में भी वह अपनी छोटी बहन चिंकी के साथ कभी चेस तो कभी कैरम, कभी लूडो खेलता है। स्कूल 1 अप्रैल से खुलेंगे। अब चिंकू आठवीं कक्षा में आएगा। परीक्षा के बाद चार-पांच दिन तो बहुत अच्छी तरह से बीते, लेकिन फिर चिंकू को महसूस हुआ कि उसे थोड़ी घबराहट हो रही है। इसकी वजह थी रिजल्ट, जो जल्दी ही आने वाला था। उसे हर साल रिजल्ट की कोई खास चिंता नहीं रहती थी, लेकिन इस बार पापा ने कहा था कि अगर गणित और विज्ञान में नंबर कम आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। स्कूल से आते ही खाना खाने के बाद उसे ट्यूशन जाना होगा। चिंकू ट्यूशन जाने वाले बच्चों की हालत जानता था। बेचारे पढ़-पढ़ कर परेशान हो जाते हैं। उसने पूरी मेहनत की थी कि गणित और विज्ञान में अच्छे नंबर आएं, लेकिन वह तो सिर्फ मेहनत ही कर सकता था। पता नहीं क्यों उसे लग रहा था कि उसका खेलना-कूदना बंद होने वाला है। पापा इन दिनों उसको लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे थे।



आखिर वह दिन भी आ गया, जब चिंकू का रिजल्ट आया। जिसका डर था, वही हुआ। गणित, विज्ञान के अलावा बाकी सब विषयों में चिंकू के नंबर बहुत अच्छे थे। गणित और विज्ञान में उसे बस ठीक-ठाक नंबर ही मिले थे। यह तो गनीमत थी कि वह रिजल्ट लेने मम्मी के साथ आया था, पापा साथ आए होते तो सबके सामने ही उसे डांट पड़ती। मम्मी ने तो फिर भी बाकी विषयों में अच्छे नंबर लाने के लिए उसे शाबाशी दी।

रिजल्ट लेकर चिंकू घर लौटा तो उसका सारा दिन बहुत मुश्किल से बीता। ज्यों-ज्यों पापा के ऑफिस से आने का समय नजदीक आ रहा था, उसका दिल बैठा जा रहा था।

ऑफिस से आकर चाय पीने के बाद पापा ने चिंकू से कहा, 'बेटा, अपना रिपोर्ट कार्ड लाकर दिखाओ।'



चिंकू डरते-डरते अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया। पापा ने एक नजर रिपोर्ट कार्ड पर डाली और फिर एक नजर चिंकू पर। उसकी नजर झुकी हुई थी। पापा ने उससे कुछ भी नहीं कहा। चिंकू को इस बात से हैरानी हुई, आखिर पापा उस पर गुस्साए क्यों नहीं?

चिंकू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। लेकिन उसके कान जरूरत से ज्यादा ही तेज हो गए थे। कुछ देर बाद उसने बालकनी में पापा को किसी से कुछ कहते सुना। पापा कह रहे थे, 'चिंकू के स्कूल में डे-बोर्डिंग की सुविधा है। मुझे उसका कल ही डे-बोर्डिंग में एडमिशन कराना है। वहां 2 बजे छुट्टी होगी, उसके बाद कुछ खा-पी लेने और रेस्ट के बाद वहीं स्कूल में 4 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चिंकू को ट्यूशन क्लासेस की सुविधा मिल जाएगी। 7.30 बजे मैं उसे घर ले आया करूंगा। फिर वह खाना खाकर और रिवीजन करके सो जाया करेगा। अब उसकी यही दिनचर्या ठीक रहेगी।'

यह सुनकर चिंकू का दिल बैठ गया। ट्यूशन जाने तक की बात तो ठीक थी, लेकिन अब घर रात को लौटना उसके लिए एक बड़ी सजा सी थी। चिंकू उदास होकर बैठ गया। कल से खुलने वाले स्कूल के लिए उसने अपना बैग जमा लिया था। उसे पता था कि डे-बोर्डिंग में जाने वाले बच्चे एक जोड़ी कपड़े अपने साथ रखते हैं, जो उन्हें स्कूल के बाद बदलने होते हैं। उसने बैग में कपड़े रख लिए। चिंकू मन ही मन सोच रहा था कि वह बच्चा ही क्या, जो खेलकूद ना सके। उसने पूरी कोशिश की थी गणित और विज्ञान में नंबर अच्छे आएं लेकिन नहीं आए तो क्या करे। यही सोचते-सोचते वह सो गया।

सुबह अलार्म की घंटी से जब उसकी आंख खुली तो उसे लगा घर के सभी लोग सो रहे हैं। मन ही मन वह अपने आप से बोला, 'ओहो तो आज से मुझे और ज्यादा बड़ा होना होगा। मुझे खुद ही स्कूल जाने की सारी तैयारी करनी होगी।'

चिंकू कमरे से बाहर आया तो उसने देखा बाहर टंगे हुए एक बड़े से गुब्बारे पर लिखा हुआ था, 'अप्रैल फूल बनाया... हमको मजा आया...!' यह देखकर चिंकू हैरान रह गया। तभी पापा अपने कमरे से बाहर निकले और उन्होंने झट से गुब्बारा फोड़ दिया। चिंकी जोर-जोर से ताली बजाने लगी। मम्मी हंसते हुई बोलीं, 'कैसा लगा अप्रैल फूल...!'




पापा हाथ में लिए लड्डू को चिंकू के मुंह में डालते हुए बोले, 'तुम्हारा पार्क में खेलने जाना जारी रहेगा, तुम कहीं डे-बोर्डिंग में नहीं जाओगे। तुम बस मन लगाकर पढ़ाई करते रहो, रिजल्ट की ज्यादा चिंता मत करो।'

चिंकू हर साल किसी न किसी को अप्रैल फूल बनाता था। इस बार तो वह इतना टेंशन में था कि उसे ध्यान ही नहीं रहा कि आज फर्स्ट अप्रैल है। वह खुद ही अप्रैल फूल बन गया। चिंकू हंसते हुए पापा के गले लग गया। उसने मन ही मन संकल्प ले लिया था, इस साल वह कड़ी मेहनत करके गणित और विज्ञान में बहुत अच्छे नंबर लाएगा। *

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। दो मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1. दूसरे वाले चित्र में जमीन पर रखा अंडा गायब है। 2. मुर्गी के गर्दन के नीचे पंख खुले हुए हैं। 3. बाईं ओर वाली पहाड़ी हरियाली की ऊंचाई कम है। 4. दाईं ओर आसमान में बड़ा वाला बादल का टुकड़ा नहीं है। 5. मुर्गे के नीले पंखों के निचले भाग में भूरा पंख नहीं दिख रहा है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में शिमला मिर्च और तरोई दिखाई दे रहे हैं। तुम्हें शिमला मिर्च और तरोई की अलग-अलग संख्या गिनकर बतानी है।



उत्तर: शिमला मिर्च 18, तरोई 24

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां एक कॉलम में कुछ जानवर और दूसरे कॉलम में उनकी परछाइयों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनका सही मिलान करना है। जल्दी से इनका सही जोड़ा तो बनाओ।




उत्तर: 1-C, 2-A, 3-E, 4-B, 5-D

# आरपीएस विद्यालय के प्राथमिक विभाग में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय के प्राथमिक विभाग में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आगाज मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। सर्वप्रथम किंडरगार्टन के विद्यार्थियों के कलर्स ऑफ लाइफ की थीम पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि स्कूल उत्सव पूरे शैक्षणिक वर्ष के सबसे प्रतिक्षित समय में से एक है। इस दिन का स्कूल का हर बच्चा बेहद उत्साह और उमंग के साथ इंतजार करता है। ये कार्यक्रम बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान के अलावा अन्य चीजें भी सिखाते हैं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने छोटे-छोटे बच्चों के मनमोहक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरपीएस बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। आरपीएस बच्चों को उचित मंच के माध्यम से उनकी प्रतिभा को तरासकर जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणवी और पंजाबी नृत्य ने मोह लिया मन

इस दौरान किड्स से लेकर यूकेजी तक की कक्षाओं के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सामूहिक व एकल हरियाणवी नृत्य को खूब सराहा गया। छोटे-छोटे बच्चों ने अतिथियों के आगमन पर स्वागत गान प्रस्तुत किया। पंजाबी नृत्य के साथ-साथ होली पर्व की मस्ती भरे गान पर सुन्दर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के देशभक्ति नृत्य, पारिवारिक गीत ने सभी को आकर्षित किया। एकता में शक्ति होती है थीम पर आधारित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने एकता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ ही किंडरगार्टन के छात्रों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम भी रखा गया।

# बीआर स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, उपसंचालक कृष्ण भारद्वाज विशिष्ठ अतिथि व प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ ने अध्यक्षता की। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम विद्यालय की प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया। कक्षा नर्सरी से जियांश ने प्रथम, कार्तिक ने दूसरा और रिशब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी से खुशांत व पूरब ने प्रथम, सुशांत और रिया ने द्वितीय और नव्या व शौर्य ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा यूकेजी से गौरव, गरिमा और गौरव प्रथम, पूर्वी, यूवी और शनाया ने द्वितीय व तथा योगेंद्र, कार्तिक और दिव्यांश ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा प्रथम से प्राची, वियान, क्रिस्टी और अंशिका ने प्रथम, उपासना, दिव्यांशी, हिमांशु और हर्ष ने द्वितीय और भव्य, वेदांषी, कनक और हर्ष ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा दूसरी से तमन्ना और परी ने प्रथम, काव्य और नैना ने द्वितीय तथा नव्या, दिशा और कंचन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ ने कहा की ग्रेजुएशन समारोह आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन की परिवर्तनशीलता को समझाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे के विद्यालय में प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उनमें नवीन, श्रेष्ठ, सृजनात्मक विचारों का उत्थान होता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद कर उन्हें जीवन के हर एक नए पड़ाव में प्रवेश करने के लिए अनंत ऊर्जा का अहसास कराने के उद्देश्य से विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस अवसर पर उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज, राजपाल व राजकुमार आदि मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### आईआईटी जैम में उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज प्रबंधन ने आईआईटी जैम-2024 में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कॉलेज के विद्यार्थी कमल पुत्र बलवंत सिंह ने पूरे देश में 552वां रैंक, पूजा पुत्री राजेश कुमार ने 1222वां रैंक, तनीषा पुत्री राजेश कुमार ने 2490वां रैंक, मुस्कान पुत्री अजित सिंह ने 3857वां रैंकए हासिल करके आईआईटी जैम परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### हनुमान मंदिर में प्रसाद की दुकानों की बोली 1 को

**नारनौल।** रघुनाथपुरा गांव में स्थित हनुमान मंदिर व पुलिस फायरिंग रेंज में एक अप्रैल सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर के लिए प्रसाद की दुकानों की बोली लगाई जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस फायरिंग रेंज पर एक अप्रैल 2024 को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में बोली लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर के प्रसाद की दुकानों की बोली के लिए सिक्योरिटी राशि एक लाख रुपये जमा करानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

### सीडीपीओ सरला यादव हुई सेवानिवृत्त

**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सरला यादव शुक्रवार को अपनी लगभग 33 वर्ष की सरकारी सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुई। डीपीओ संगीता ने सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सरला यादव ने आठ अप्रैल 1991 में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हुई थी। इसके बाद इन्होंने सीडीपीओ के पद पर अपनी निष्ठा पूर्वक सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर सीडीपीओ कांता, सीडीपीओ कमला, सहायक राकेश गुप्ता, सहायक विकास, सहायक संदीप, सहायक एकता आदि मौजूद थे।

### कौशल आधारित शिक्षा से विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं रोजगार: अजयप्रकाश

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में शुक्रवार को समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रिसोर्सपर्सन अजयप्रकाश ने कक्षा नौवीं-दसवीं के विद्यार्थियों को स्किल डेवल्पमैंट के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता है। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार लाटा ने विद्यार्थियों को

## उप जिला शिक्षा अधिकारी केएस बालवान धूमधाम से हुए सेवानिवृत्त

# बालवान ने शिक्षा विभाग में एक मजबूत स्तंभ की तरह कार्य किया : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उप जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह बालवान शिक्षा विभाग को करीब 33 साल सेवाएं समर्पित करने के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर उनके सम्मान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अपार होटल में धूमधाम से सम्मान समारोह रखे गए, जिनमें सैकड़ों गणमान्य लोगों, शिक्षाविदें एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव ने कहा कि केएस बालवान ने शिक्षा विभाग में एक मजबूत स्तंभ की तरह कार्य किया है। इनकी सेवाएं विभाग को श्रेष्ठ तरीके से समर्पित रही। यह प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी दृढ़ निश्चयी रहे हैं। इन्होंने बतौर इंग्लिश लेक्चरर शिक्षा विभाग में ज्वाइन किया और प्रिंसिपल, बीईओ एवं डिप्टी डीईओ तक का सफर तय किया। यह ज्वाइंट डायरेक्टर तक के पद को सुशोभित करने वाले थे और अब भी इनको कभी भी प्रमोशन मिल सकती है। एडवोकेट राकेश मेहता ने कहा कि जब यह निवाजनगर स्कूल में प्रिंसिपल थे, तब सामाजिक स्तर पर करीब 40 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग ग्रामीणों से लेकर स्कूल का जीणारेद्धार किया। जो अपने आपमें बड़ी उपलब्धी है। हुडीना स्कूल में 92 बच्चों के स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 700 तक करने का श्रेय इन्हीं को जाता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान ने कहा कि इनका पूरा जीवन एक रोल मॉडल की तरह रहा है और इन्हें हम सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला है। इनका जीवन अनुकरणीय है और उम्मीद है यह अब सामाजिक सेवाओं के जरिए भी अपनी अमिट छाप समाज पर छोड़ने में कामयाब रहेंगी। सभी वक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन लेक्चरर पंकज गौड़ ने किया। इस समारोह में केएस बालवान के बड़े भाई एवं महेंद्रगढ़ कॉलेज के पूर्व प्राचार्य बस्तीराम यादव, बीईओ महेंद्रगढ़ अलका लांबा, बीआरसी कंवर सिंह महेंद्रगढ़, बीईओ कनीना डा. विश्वेश्वर, बीआरसी दिलबाग सिंह कनीना, बीईओ सुनीता यादव नांगल चौधरी, बीईओ अशोक कुमार नारनौल, पूर्व प्राचार्य डा. अश्विनी राव, पूर्व प्राचार्य राजेश दुआ, पूर्व प्राचार्य ओमप्रकाश मोरवाल, शहबाजपुर स्कूल के प्राचार्य विकास जयदीप एवं प्राचार्य राकेश कुमार अटेली समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।



नारनौल। डिप्टी डीईओ केएस बालवान को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। रेजांगला युद्ध के योद्धा कैप्टन आशाराम यादव को सैल्यूट करते। फोटो : हरिभूमि

# रेजांगला युद्ध वीरता की मिसाल: लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दक्षिणी हरियाणा को सैनिकों की खान के नाम से जाना जाता है, यहां के वीर जवानों ने देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक हुए हर युद्ध में अपनी वीरता का प्रदर्शन किया है। चीन के साथ रेजांगला युद्ध वीर योद्धाओं की वीरता की मिसाल के रूप में दुनिया में याद किया जाता है। रेजांगला युद्ध के योद्धा कैप्टन आशाराम यादव का स्वर्ग सिधारना हम सबके लिए दुखदाई है। उपरोक्त विचार रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सत्यवीरसिंह ने रेजांगला युद्ध के नायक कैप्टन आशाराम यादव की 13वीं पर आयोजित शोक सभा में व्यक्त किए। शोक सभा में पहुंचे अनेक सामाजिक व सैन्य अधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। जिला चरखी दादरी के गांव बालरोड के किसान परिवार में जन्मे आशाराम अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में सिपाही के पद पर भर्ती हुए।

### ये रहे मौजूद

शुक्रवार को उनकी तेरहवीं पर आयोजित शोक सभा में डॉ. टीसी राव, कैप्टन बलवीर, कैप्टन चंदन, सूबेदार मेजर दलीप सिंह, सूबेदार विक्रम, सूबेदार सत्यवीर, नायब सूबे कृष्ण, डॉ. विरेंद्र जावा, कर्नल होशियार सिंह, कैप्टन संतलाल, कैप्टन सत्यवीर, कैप्टन ब्रम्हा, सूबे मेजर रामपाल, सूबेदार मेजर श्रीभगवान, सूबेदार ईश्वर, सूबेदार मनोज कुमार, विजयपाल, महावीर, इंस्पेक्टर रणधीर, मैनेजर रणवीर, कोच सुरेश कुमार, मास्टर राममेहर, रामप्रसाद नंबरदार, वेदपाल, श्रीभगवान, इंद्रा, ब्रह्मदत्त, राजेश, राजपाल, हरीश व शाहिद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# उचित खानपान व नियमित व्यायाम ही उत्तम स्वास्थ्य का आधार : डॉ पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य कुसुमलता यादव की अध्यक्षता में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने मॉडल्स प्रस्तुतिकरण के माध्यम से स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपायों कर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्राध्यापक डॉ. सीएस वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली से एक्सपर्ट डॉ. पूनम यादव ने छात्राओं के साथ पर्सनल हाइजीन तथा एनीमिया पर चर्चा करते कहा कि उचित खान-पान एवं नियमित व्यायाम ही उत्तम स्वास्थ्य का आधार है। हमें शारीरिक स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ आवश्यक विटामिन व खनिज इत्यादि से युक्त संतुलित आहार भी लेना चाहिए। जीव विज्ञान प्रवक्ता विजय सिंह सैनी ने भोजन में विटामिन व खनिज की आवश्यकता पर बल देते हुए शरीर को बीमारियों से दूर रखने की सलाह दी। नर्सिंग ऑफिसर मंजूलता ने छात्राओं से पर्सनल हाइजीन पर बातचीत करते हुए कहा कि हमें माहवारी के समय पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वरिष्ठ अध्यापिका सविता शर्मा ने किशोरवय समस्याओं एवं उनके निदान पर प्रकाश डाला। एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने पर्सनल हाइजीन तथा संतुलित आहार के प्रमुख घटकों के मॉडल्स तैयार कर सुंदर प्रस्तुतिकरण किया।


मंडी अटेली। छात्राओं को पर्सनल हाईजीन तथा एनीमिया के बारे में बताती डॉ पूनम यादव। फोटो : हरिभूमि

# मौहल्ला वाल्मीकि में शिक्षा का उजियारा चहुंओर कार्यक्रम आयोजित

- जीवन का अंधियारा भगाने के लिए शिक्षा या ज्ञान रूपी दीपक जलाना आवश्य : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के मौहल्ला वाल्मीकि में हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की ओर से शिक्षा का उजियारा चहुंओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बस्ती व आसपास के लोगों को बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों को बैठाकर उन्हें पढ़ाया और जीवन में शिक्षा का महत्व समझाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावण्या ने की। कार्यक्रम को लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति का सपना है कि शिक्षा का उजियारा चहुंओर फैलाकर विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से सभी समस्याओं का समाधान है और हम बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विचारकों का भी मानना है कि अगर किसी देश को उन्नति के पथ पर ले जाना है तो वहां के बच्चों को सबसे पहले बेहतर शिक्षा प्रदान करनी होगी। अगर जीवन में अंधियारा भगाना है तो हमें शिक्षा या ज्ञान रूपी दीपक जलाना ही होगा। उन्होंने कहा कि आज बेटियों की शिक्षा को तो ज्यादा महत्व दिए जाने की आवश्यकता है। देश में पुरातन समय में बेटियों को बोझ मानकर उन्हें शिक्षा से दूर रखने का प्रयास होता आया है। आधुनिक युग में अब बेटियों को उनके अभिभावक शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावणिया ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के भीतर अच्छे विचारों का निर्माण करती है, मनुष्य के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। बेहतर समाज के निर्माण में सुशिक्षित नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया तथा उन्हें सफल जीवन के मार्ग में शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर वाल्मीकि बस्ती से काफी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सिहमा में म्हारी लाडो म्हारी शान के तहत कुआं पूजन आयोजित

**मंडी अटेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांवों में चलाए जा रहे म्हारी लाडो म्हारी शान कार्यक्रम के तहत खंड सिहमा में बैंड बाजे के साथ कन्या के जन्म पर कुआं पूजन किया गया, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। इस मौके पर गांव की सरपंच सुमन देवी ने नवजात कन्या की माता प्रियंका को शगुन के तौर पर अपने निजी कोष से 11 सौ रुपये की राशि देते हुए कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है। आज के समय में लड़का व लड़की में कोई फर्क नहीं है। वह अपनी बेटी की परवरिश लड़कों के बराबर करेंगे। बेटियां भगवान का दिया वरदान होती हैं। बेटियां लक्ष्मी होती हैं।

## सुरानी में आंगनबाड़ी में चल रहे किड्स प्ले स्कूल के नए सत्र का शुभारंभ

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सुरानी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में चलाए जा रहे किड्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को नए शिक्षा स्तर का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर गांव की सरपंच पूजा यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्ले स्कूल खोलकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने का कार्य किया जाता है। प्ले स्कूल में निजी स्कूलों से भी बेहतर माहौल उपलब्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुसार अब प्रदेश में पहली कक्षा से लेकर पूर्व प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को अब प्ले स्कूल में बदल दिया गया है, जिसमें बच्चों की योग्यता और रुचियों को ध्यान में रखते हुए उनको शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# गांव सिगड़ा के मुक्ति धाम आश्रम में किया पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** प्रयास श्री बालाजी संस्था के पर्यावरण संरक्षण मुहिम को आगे बढ़ाते हुए संस्था सदस्य अनय सिगड़ा ने अपनी तरफ से पौधों के लिए ट्री गार्ड व पानी फिटिंग आदि की संपूर्ण व्यवस्था की। सत्यवीर सिंह ने बताया कि गांव के सभी लोगों व पंचायत के सहयोग सभी ने मिलकर यहां टाइल साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था में ग्रामीणों के सहयोग से हो पाई है। आगे भी इस तरह के सामूहिक कार्यक्रम चाहे पौधरोपण हो या इनकी रक्षा सुरक्षा सभी पर बुद्धजन सामूहिक रूप से करेंगे। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रयास संस्था प्रमुख मनोज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तारा चंद. जगदीश, सचिन फौजी का विशेष सहयोग रहा। संस्था सचिव सज्जन सिंह ने बताया कि प्रयास संस्था का मुख्य उद्देश्य से ही घुमंतू बेसहारा बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ जितना संभव हो सके राज्य और केंद्र सरकार की पहल अधिक से अधिक पौधरोपण कर इन पौधों को पेड़ बनाना है। संस्था का उद्देश्य रहता है कि पौधे बड़े लगे और पानी तथा चारदीवारी ट्रेरी गार्ड से ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें, जहां भी गांव के युवा या ग्राम पंचायत इस तरह है कि रक्षा सुरक्षा की जिम्मेवारी लेती है, वहां पर संस्था निःशुल्क पौधे उपलब्ध करवाती है और साथ-साथ इनमें तीन वर्ष तक दवा पानी डाल इनकी रक्षा सुरक्षा में सहयोग करती है।

**सूचना**

मै सुमेर सिंह पुत्र हजारीलाल वासी धौलेडा तह. नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू कुमार व पुत्रवधु पंकज देवी व दूसरा लडका कमल कुमार व पुत्रवधु कान्ता देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**

मै पूर्णचंद चुत्र डुंगरमल जाति ब्रहाम्ण वासी वार्ड नं. 11 कनीना तह. कनीना जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हितेश कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल सपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## हमारी मांग कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना है

# सर्वसम्मति से विनोद कुमार बने महेंद्रगढ़ यूनिट के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का त्रिवार्षिय सम्मेलन यादव धर्मशाला में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्यवक्ता के रूप मे राज्य उपप्रधान सुदामपाल मान, राज्य उपाध्यक्ष अशोक नेहरा व केंद्रीय कार्यकारिणी नेता संजय सैनी की देखरेख में महेंद्रगढ़ यूनिट, नारनौल यूनिट और नारनौल सर्कल सचिव के चुनाव करवाए गए, जिसमें महेंद्रगढ़ यूनिट से विनोद कुमार को प्रधान, राजवीर सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, महेश कुमार को उपप्रधान, भगवानदास को सचिव, रणधीर को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही नारनौल यूनिट से बिंद्र सिंह यादव को प्रधान, सुरेंद्र सैनी को वरिष्ठ उपप्रधान, अमित कुमार ढिल्लों को सचिव व विकास यादव को उपप्रधान, खगेश कुमार यादव को कोषाध्यक्ष और सुरेश सैनी को प्रेस सचिव चुना गया। दोनों यूनिटों के चुनाव संपन्न होने के बाद में दोनों यूनिटों ने सर्कल सचिव का चुनाव किया, जिसमें सर्वसम्मति से किरोड़ीमल सैनी को सर्कल सचिव चुना गया। सम्मेलन में पूर्व सर्कल सचिव रामनिवास सेहलंगिया, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक महेंद्रगढ़ के प्रधान रणसिंह मालड़ा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान पूर्णचंद नारनौलिया, हेमसा के प्रदेश प्रवक्ता सुजान मालड़ा, एमपीएचडब्ल्यू यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान मुकेश चौहान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ के प्रधान मास्टर महेंद्र यादव व अन्य कर्मचारी नेताओं ने अपने संबोधन में सरकार की छात्र, किसान, मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य मांग कच्चे कर्मचारियों का पक्का करना और पुरानी पेंशन बहाल करना और आठवें वेतन आयोग का गठन करना, साथ ही कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को तुरंत प्रभाव से लागू करवाना है, नहीं तो सरकार को इस आने वाले चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस सम्मेलन में अनिल कुमार यादव, गोपाल सिंह, संतलाल, सुनील, कमल कुमार, नीलम कुमारी, मुनेश यादव, लक्ष्मी यादव, अनीता यादव, वंदना यादव सहित अनेक कर्मचवारी उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। नवनिर्वाचित सदस्यों के माला पहनाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा ने जाति व धर्म में बांटने का किया काम: मालड़ा



**महेंद्रगढ़।** भाजपा की तानाशाही और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हरियाणा ही नही अपितु देश के कोने-कोने से लाखों लोगों का हुजूम उमड़ेगा और तानाशाही के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करेंगे।

**सरपंच ग्राम पंचायत, खातोदड़ा-देवराली**
**खण्ड व जिला महेन्द्रगढ़ 123029 (हरि.)**
**सरपंच : कृष्ण कुमार, मोबाइल नं. 9813834038**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव खातोदड़ा में पंचायत घर भवन, एससी चौपाल भवन, महिला मण्डल भवन 68 नं. ग्राम पंचायत के प्लाट में पानी की टंकी व गांव देवराली में पंचायत घर भवन व एससी चौपाल भवन के बीच बना सरकारी भवन ये सब पीडब्ल्यूडी द्वारा कंडम घोषित किए हुए है। ग्राम पंचायत खातोदड़ा आम चौक पर इनको तुड़वाने की बोली 03.04.2024 को लगाई जाएगी। जो भी इनको तोड़ने का इच्छुक हो वह गांव खातोदड़ा के आम चौक पर 12.30 बजे पहुंचे। नीलामी की शर्तें व नियम मौके पर सुनाएं जाएंगे।

हस्ता/– सरपंच, ग्राम पंचायत
खातोदड़ा (महेन्द्रगढ़)

## खबर संक्षेप

### नपा कार्यालय में दो दिवसीय कैंप आज से

**नांगल चौधरी।** नगर पालिका कार्यालय में 30 व 31 मार्च को दो दिवसीय कैंप लगेगा, जिसमें प्रॉपर्टी टेक्स की अदायगी करने पर रियायत मुहैया करवाई जाएगी। आमजन की सुविधा के लिए कैंप में कनिष्ठ अभियंता व अन्य कर्मचारी मौजूद रहेंगे, ताकि टेक्स अदायगी करने में परेशानी नहीं रहे। नपा के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि 31 मार्च तक प्रॉपर्टी टेक्स की अदायगी करने की हिदायत थी। अंतिम दिन कर दाताओं की भीड़ रहेगी। 30 व 31 मार्च को प्रॉपर्टी आईडी की स्वयं सत्यापित कॉपी कार्यालय में जमा करवानी होगी, जिसके अनुसार टेक्स निर्धारित करके वसूला जाएगा।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

**नारनौल।** छठी हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 अप्रैल को द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन 31 मार्च सुबह नौ बजे बाबा भैया खेल ग्राउंड नांगल माला में किया जाएगा। जिसमें 16 वर्ष से ऊपर के लड़के व लड़कियां भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र अवश्य लेकर आएं।

### सुरक्षा बलों ने कनीना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**कनीना।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने व आमजन को बिना किसी भय के मतदान करने के लिए पुलिस फोर्स ने शुक्रवार को कनीना सहित विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में कनीना के डीएसपी महेंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ, सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार सहित पुलिस कर्मचारी शामिल थे।

### पूर्व हेडमास्टर सुरेश कुमार को मातृ शोक

**महेंद्रगढ़।** गांव लावन निवासी हेड मास्टर सुरेश कुमार की माता


स्वर्गीय जानकी देवी।

जानकी देवी पत्नी उमराव सिंह का निधन देर शाम हो गया। जानकी देवी के पोते लेफ्टिनेंट कर्नल विजेंद्र यादव ने बताया कि उनकी दादी मां 93 वर्ष की थी। चार अप्रैल को उनकी 13वीं का आयोजन किया जाएगा। उनहोंने हमेशा समाज को एकता का संदेश दिया।

## अधिकारियों पर खनन माफियाओं से मिलीभगत के आरोप

# डंपरों की डस्ट से परेशान ग्रामीण धौलेड़ा-सरेली मार्ग किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

ओवरलोड डंपर व उनकी डस्ट से परेशान सरेली के ग्रामीणों ने धौलेड़ा-निजामपुर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की तथा विभागीय अधिकारियों पर ओवरलोड माफिया के साथ मिलीभगत होने के आरोप लगाए। सूचना पाकर निजामपुर थाना प्रबंधक जगदीश प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद सड़क पर तत्काल पानी का छिड़काव करवाया। साथ ही उन्होंने उच्चाधिकारियों से मिलकर स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। जिससे संतुष्ट ग्रामीणों ने सड़क मार्ग को बहाल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि धौलेड़ा, बिगोपुर, बखरीजा की





सीमा में 120 से अधिक क्रैशर व माइंस संचालित हैं। जिनमें रोजाना एक हजार से अधिक डंपर लोड होकर दिल्ली-गुरुग्राम के लिए निकलते हैं। सभी डंपरों में क्षमता से अधिक लोड होता है, जिस कारण सड़क मार्ग जर्जर हो चुका है। गड्ढों में मिट्टी उड़ने की वजह से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने क्रैशर संचालकों से पानी छिड़काव करवाने की गुहार लगाई थी, लेकिन उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को सुनने से इंकार कर दिया। जिससे गुस्साए लोगों ने सुबह करीब 11 बजे धौलेड़ा-निजामपुर सड़क मार्ग को जाम कर दिया। लोगों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए डस्ट की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई। सूचना पाकर 11:30 बजे निजामपुर थाना इंचार्ज जगदीश प्रसाद दलबल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया। इसके बाद तत्काल पानी छिड़काव करवाया गया। साथ ही आश्वासन दिया कि सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवाया जाएगा और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जिससे संतुष्ट ग्रामीणों ने 12 बजे मार्ग से जाम हटा लिया।

# आज व कल प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने का विशेष कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

सरकार द्वारा संपत्ति कर में दी गई छूट की अंतिम तिथि और वित्त वर्ष की क्लोजिंग भी है। जिला नगर आयुक्त महावीर सिंह ने आमजन व नागरिक हित में कार्य करने हेतु नगरपालिका अटेली के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने आगामी 30 व 31 मार्च को विशेष कैम्प लगाते हुए आम जनता को अधिक से अधिक संख्या में कर जमा करवाने हेतु प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। आज 30 मार्च कल 31 मार्च को सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी प्रदान करते हुए नपा सचिव अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान नगरपालिका कार्यालय में पहुंच रहे आम नागरिकों से संपत्ति कर जमा करवाने हेतु दो हेल्प डेस्क होंगी, जिन पर अंकित कुमार व पवन कुमार लिपिक सेल्फ सर्टिफिकेशन, आपत्ति दर्ज करवाने व आपत्तियों के निपटान करने का कार्य करेंगे। नवीन कुमार प्रार्थना पत्र लिखने तथा कर संबंधित जानकारी देने हेतु कार्य करेंगे। सोनल गुप्ता रिकार्ड से आम नागरिक की प्रॉपर्टी आईडी व कर की बकाया राशि बारे व अन्य रिकार्ड अनुसार जानकारी, नोटिस बिल उपलब्ध करवाने का कार्य करेंगे, जबकि सचिन कुमार की कर जमा करने हेतु ड्यूटी लगाई गई है। कल 31 मार्च तक की कर वसूली संबंधित प्रविष्टियां संबंधित रिकॉर्ड बुक रजिस्टर में दर्ज करने हेतु विशाल तथा सतेंद्र पाल यादव अपनी देखरेख में कार्यालय में आम जनता, नागरिकों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था पीने का पानी, बैठने, सफाई आदि की व्यवस्था करवाएंगे।

**रिकार्ड होगा पूरा**

31 मार्च क्लोजिंग डेट के मद्देनजर नियमानुसार अकाउंट्स रिकॉर्ड पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाएगा। कनिष्ठ अभियंता आमजन की आपत्तियों के निपटान, कैश काउंटर, हेल्प डेस्क हेतु आवश्यक तकनीकी सामान अपनी देखरेख में उपल्ब्ध करवाने का कार्य करेंगे तथा अन्य कर्मचारी आवश्यकता अनुसार आमजन के सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे।

## जैलाफः जोहड़ में नहरी पानी भरने की मांग

**नारनौल।** गांव जैलाफ के जोहड़ों को नहरी पानी से भरने की मांग को लेकर शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने नहर विभाग के एसडीओ के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि इस समय इलाके में गर्मी तेजी से बढ़ रही है और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगे भी भंयकर गर्मी पड़ने के आसार हैं। गांव में तीन-चार जोहड़ होने के बावजूद भंयकर गर्मी में एक भी जोहड़ में पानी नहीं होने से पशु-पक्षियों को पानी की तलाश में


नारनौल। गांव जैलाफ में सूखा पड़ा जोहड़। फोटो: हरिभूमि

इधर-उधर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गोंदला जोहड़ नहर की पाइप लाइन से जुड़ा हुआ है फिर भी उसमें पानी नहीं है। इस प्रकार गांव के सभी जोहड़ सूखे होने से पशु-पक्षियों के जीवन के लिए बेहद चिंताजनक है। ऐसे में मांग करते हैं कि नहर से गांव जैलाफ के जोहड़ों को प्राथमिकता के आधार पर भरवाया जाए।

## आज दिग्विजय और कल दुष्यंत चौटाला करेंगे सभाएं

- नांगल के गांवों से करेंगे अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से जजपा प्रत्याशी राव बहादुरसिंह के समर्थन में जजपा नेता मैदान में उतर आए है। जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला एवं भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह 30 मार्च को नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। वे सुबह 10 बजे गांव रायमलिकपुर में पहली ग्रामीण जनसभा होगी। इसके पश्चात 11 बजे बनिहाड़ी, 11:30 बजे मोहनपुर तथा दोपहर डेढ़ बजे नांगल पीपा में ग्रामीण जनसभा करेंगे। इसी प्रकार दोपहर ढाई बजे दोंगली, साढ़े तीन बजे भोजावास, साढ़े चार बजे नेहरू नगर तथा सायं साढ़े पांच बजे कालबा में ग्रामीण जनसभाओं को


दिग्विजय सिंह चौटाला।

संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन राव बहादुर सिंह के समर्थन में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला 31 मार्च को महेंद्रगढ़ व अटेली क्षेत्र का ग्रामीण दौरा करेंगे। वे महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 9 बजे खुडाना, 10 बजे पालड़ी पनीहारा, 11 बजे दुलोठ अहीर एवं दोपहर 12 बजे नांगल सिरोही में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करेंगे। इसी प्रकार हल्का अटेली में दोपहर एक बजे दौंगड़ा अहीर, दो बजे भोजावास, तीन बजे करीरा एवं सायं चार बजे सेहलंग में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इन ग्रामीण जनसभाओं की अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा करेंगे। जबकि महेंद्रगढ़ अध्यक्ष रविंद्र गागड़वास, अटेली हलका से कुलदीप कुलवाड़ी व नांगल चौधरी अध्यक्ष विरेंद्र बनिहाड़ी समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

- युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने शुक्रवार को जिले के नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एसपी ने जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से निजामपुर रोड पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा वहां पर दाखिल मरीजों से हालचाल पूछा। पुलिस कप्तान ने यह जानने की भी कोशिश की कि केंद्र में नशा छुड़वाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र में रहने और खाने


नारनौल। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते एसपी अर्श वर्मा। फोटो: हरिभूमि

की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। भर्ती मरीजों से पूछताछ की गई, यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या है कि तो निःसंकोच पुलिस के समक्ष रख सकते हैं। एसपी ने केंद्र के संचालक डा. आरएस रंगा को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र पर नशे के रोगियों को भर्ती करके उनका हिदायत के अनुसार इलाज किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के रिकॉर्ड का भी निरीक्षण किया। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एसपी ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे। युवाओं को खेलों व शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और इस तरह की बुराइयों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई युवा नशे का आदी हो गया है तो नशा छुड़वाने के लिए नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल करवाएं। यहां पर नियम अनुसार बहुत ही बेहतरीन ढंग से युवाओं को नशे से दूर ले जाने का कार्य किया जाएगा। एसपी ने नशा मुक्त होने के लिए भर्ती करवाए गए लोगों को नशा मुक्त अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## अवैध शराब बेचने के 3 आरोपी काबू

- अलग अलग स्थानों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार जिले में असामाजिक गतिविधियां फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सत्यवीर उर्फ कालिया वासी सेका, लीलाराम वासी ढाणी कोलाना रेवाड़ी व सुरेंद्र उर्फ लंगड़ा वासी मालड़ा बास कनीना के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए तीन स्थानों से अवैध शराब बरामद की है।

पुलिस की टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी क्षेत्र में कांवी एरिया से 10 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की व एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। थाना शहर पुलिस ने सिंघाना रोड से एक आरोपित को गिरफ्तार कर 11 बोतल अंग्रेजी शराब व आठ बोतल बियर बरामद की। वहीं थाना सदर कनीना के क्षेत्र में गांव मालड़ा बास से 20 बोतल देसी शराब बरामद कर एक आरोपित सुरेंद्र उर्फ लंगड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपित पर एक्साइज एक्ट के तहत पहले भी एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कहा कि जिले में पुलिस की ओर से अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, विशेष नाके लगाकर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शरारत इत्यादि करता पाया गया या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एचपीएस स्कूल की छात्रा हितांशी ने पाया आल इंडिया में 9वां रैंक

- साइंस ओलंपियाड में हितांशी वर्मा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

यंग स्कॉलर फाउंडेशन संस्था की ओर से आयोजित साइंस ओलंपियाड के दूसरे लेवल की प्रतियोगिता में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की छात्रा हिताशीं वर्मा पुत्री हितेश वर्मा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। छात्रा हितांशी वर्मा ने इस प्रतियोगिता में 36वां ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। साथ ही एडुनो मैथ ओलंपियाड के दूसरे लेवल प्रतियोगिता में छात्रा अंशु पुत्री धर्मेंद्र ने नौवीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की। विद्यार्थियों की सफलता पर सभी



नारनौल। छात्रा को सम्मानित करता स्कूल स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

अध्यापकों ने खुशी जताई। विद्यालय के ओलिंपियाड इंचार्ज अमित यादव ने बताया कि इस ओलंपियाड के प्रथम लेवल प्रतियोगिता में भी 57 विद्यार्थियों ने गोल्ड, 46 विद्यार्थियों ने सिल्वर व 43 विद्यार्थियों ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किए थे। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था संस्थापक सुभाष चंद वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए एक मजबूत आधार की स्थापना होती है।

## यादव सभा की मासिक हुई बैठक

### अलग अलग विषयों पर की आपस में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यादव धर्मशाला के सभागार में यादव सभा की मासिक बैठक शुक्रवार को प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग की कार्रवाई शुरू करने से पूर्व दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों व आसपास हुई आकस्मिक मौत की आत्मा की शांति प्रदान के लिए की गई। इसके बाद बैठक की कार्रवाई शुरू गई, जिसमें मासिक आय व व्यय का ब्यौरा एक दिसंबर से 27 मार्च तक का अनुमोदन करने बारे प्रस्ताव। इसके अलावा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक के सभी सदस्यों को ऑनलाइन अनुमोदन


महेंद्रगढ़। बैठक में उपस्थित सभा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

करवाने, सेना में अग्निवीर भर्ती की जगह नियमित भर्ती करने, धर्मशाला की बिल्डिंग की रिपेयरिंग करवाने बारे चार्च की गई। प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव ने सभी प्रस्ताव पढ़कर सुनाए। सभी सदस्यों ने संतुष्टि जाहिर की। इस मौके पर उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह आर्य, सचिव रोहतास सिंह, उपसचिव रोहताश यादव, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, लाल सिंह राव बोहरा, सूबेसिंह देवास, सूबेदार रामकुमार यादव व संतोष यादव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। में मेले में उपस्थित छात्राएं व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## महिला आईटीआई में रोजगार मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय औद्योगिक महिला प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला प्लेसमेंट ऑफिसर अजय कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ। इसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी बीडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अशोक अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। इस मेले में इंजीनियरिंग व्यवसाय के लगभग 377 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 13 छात्राओं का चयन कंपनी द्वारा किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं। साथ ही यह महिला सहशक्तिकरण व आत्म निर्भर भारत के लिए अनूठा कदम है। प्राचार्य हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि आगे भी छात्राओं की उन्नति व प्रगति संस्थान का प्रथम लक्ष्य रहेगा। इस संबंध में विभागीय निर्देशो की अनुपालना में कदम उठाते जाते रहेंगे। इस अवसर पर शर्मिला कुमारी, सुमन लता, अरविंद सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## हकेंवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन

# समाज को समझने के लिए करें तुलनात्मक अध्ययन

- कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हो गया। महिला सशक्तिकरण और सतत विकासः मेघालय व हरियाणा के संदर्भ में एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर केंद्रित इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूएसटीएम) मेघालय व त्रिपुरा बेंबु एंड केन डेवलपमेंट सेंटर के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार के समापन


महेंद्रगढ़। मुख्यवक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए डॉ. टी लोंग्कोई। फोटो: हरिभूमि

सत्र में मुख्यातिथि के रूप में जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. मैत्रयी चौधरी तथा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से प्रो. खजान सिंह सांगवान व प्रो. जितेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। समापन सत्र में मुख्यातिथि प्रो. मैत्रयी चौधरी ने समाजशास्त्र में तुलनात्मक अध्ययन के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से समाज में हो रहे परिवर्तनों को समझने में मदद मिलती है और इसके माध्यम से हम समाज को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

### आज कई क्षेत्रों में महिलाएं पुरूषों से आगे

आयोजन में मुख्यवक्ता प्रो. खजान सिंह सांगवान ने हरियाणा के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि ग्रामीण संस्कृति, ग्रामीण पृष्ठभूमि होने के कारण हरियाणा में महिलाओं की स्थिति के संदर्भ में कुछ लोगों की अलग मानसिकता देखने को मिलती है। प्रो. खजान सिंह ने विभिन्न उदाहरणों व अनुभव सांझा करते हुए कहा कि अब समाज परिवर्तित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत से क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है जो बदलते समाज का सबसे बड़ा परिचायक है। आयोजन में दूसरे मुख्यवक्ता प्रो. जितेंद्र प्रसाद ने समाज में आर्थिक, सामाजिक, लैंगिक आधार पर महिलाओं और पुरुषों में हो रहे विभेद पर अपनी बात विस्तार से रखी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण में शिक्षा का अहम योगदान है। शिक्षा के माध्यम से महिला अबला से सबला बन सकती है। समापन सत्र की शुरूआत सेमिनार की संयोजक डॉ. टी. लोंग्कोई द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के साथ हुई। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञों व प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन सत्र के अंत में यूएसटीएम के प्रो. अब्दुल मतीन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समापन सत्र के दौरान मंच संचालन डॉ. तनवी भाटी व डॉ. रश्मि तंवर ने किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। समापन सत्र के अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### सरदार तेजिंद्रपाल सिंह बने एचएसजीपीसी के कार्यकरिणी के सदस्य

**नारनौल।** कुरुक्षेत्र के साहिब छठी पातशाही के गुरुद्वारा में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक 28 मार्च को हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रधान सहित कुल 11 पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। तेजेंद्रपाल सिंह उर्फ नीनू को साधारण सदस्य से प्रमोट करते हुए मुख्य 11 पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों की सूची में शामिल किया गया। सरदार तेजिंद्रपाल सिंह गुरुग्राम, रेवाड़ी, झज्जर, दादरी, भिवानी आदि का प्रतिनिधित्व करेंगे। सरदार तेजिंद्रपाल सिंह को 11 सदस्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी में शामिल करने पर शहर व आसपास के सिक्ख समुदाय के लोगों ने एचएसजीपीसी के तमाम सदस्यों का आभार जताया है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005